1	2	3	4	5
18 Punjab	6	1	..	7
19 Pondicherry	..	..	1	1
20 Rajasthan	21	3	4	28
21 Sikkim	..	1	..	1
22 Mizoram	..	..	1	1
23 Meghalaya	..	1	..	1
24 Tripura	..	1	1	2
25 Tamil Nadu	3	..	5	8
26 Uttar Pradesh	16	1	9	26
27 West Bengal	1	1	5	7
TOTAL:	101	24	58	183

SAU—State Agricultural University

Instt.—ICAR Institute

V.O.—Voluntary Organisation,

राष्ट्रीय महिला कृषि प्रशिक्षण केन्द्र

659. **श्री राम सिंह राठवा** : क्या **कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने महिलाओं को कृषि संबंधी प्रशिक्षण देने हेतु एक राष्ट्रीय केन्द्र की स्थापना की है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

गैर-पारंपरिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय में राज्य मंत्री और कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (श्री एस० कृष्ण कुमार) : (क) से (ग) कृषि में क राष्ट्रीय महिला अनुसंधान केन्द्र स्थापित करने का प्रस्ताव विचाराधीन है जोकि कृषि में महिलाओं से संबंधित अनुसंधान और विस्तार कार्मिकों के लिये उच्च प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों का आयोजन करेगा ।

आठवीं पंचवर्षीय योजना में बागवानी का विकास

651. **चौधरी हरमोहन सिंह** : क्या **कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान बागवानी के विकास हेतु कौन-कौन से कार्यक्रम आरंभ किए जाने का प्रस्ताव है ;

(ख) इन कार्यक्रमों के लिए राज्यवार कितनी-कितनी धनराशि का आवंटन किया गया है ; और

(ग) आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान बागवानी के क्षेत्र में अब तक किए गए कार्यों का ब्यौरा क्या है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविन्द नेताम) : (क) बागवानी विकास के लिये आठवीं पचवर्षीय योजना के दौरान कार्यान्वयन हेतु प्रस्तावित विभिन्न